# राजभाषा पखवाड़ा 2 सम्पन्न, पुरस्कार बांटे



**गुरुग्राम,** सत्यदेव शर्मा (पंजाब केसरी) : कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा-2024 धूमधाम से संपन्न हो गया। इस अवसर पर पुरुस्कार भी वितरित किए गए। पखवाड़े का समापन अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में करने के दृढ़ संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यालय अध्यक्ष निदेशक(प्रभारी) विकास कुंडल की अध्यक्षता में किया गया। सहायक निदेशक(रा.भा.) डॉ. स्वीटी यादव द्वारा राजभाषा सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। पखवाड़े की गतिविधियों का आरम्भ उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम की ओर से सहायक निदेशक द्वारा भारत मंडपम में आयोजित हिंदी सम्मेलन में सहभागिता से हुआ। कार्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में हिंदी कार्यशाला, हिंदी संगोष्ठी, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन, हिंदी के प्रसिद्ध

आधारित फ़िल्म तथा कविताओं आदि विभिन्न विधाओं को कांफ्रेंस रूम के बड़े पर्दे पर दिखाया जाना है। इसके साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा हीरक जयंती के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा निर्मित फिल्म 'स्वतंत्र भारत की राजभाषा' बड़े पर्दे पर सभी कार्मिकों को दिखायी गई। पखवाड़े के दौरान हिंदी फ़िल्म, गीत आदि को बड़े पर्दे पर दिखाने का मुख्य उद्देश्य था- हिंदी सृजन को जानना और समय-समाज को हिंदी के संदर्भ में जानना। हिंदी की बनावट और बुनावट को सिनेमा के इन माध्यमों से और बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। अनेक अर्थ, अनेक सम्भावनाएँ, एक शब्द के अनेक अर्थों में गुँथी हुई हिंदी न केवल बांधती है बल्कि सोचने पर

, उपन्यास आदि विधाएँ न केवल बांधती है बल्कि सोचने पर मजबूर भी कर देती हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। उप निदेशक सचिन सिंह द्वारा कार्यालय प्रमुख को प्लांट पॉट भेंट कर स्वागत किया गया। प्रभारी विकास कुंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मग प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि नियमों, अधिनियमों के साथ ही आज हिंदी को अपने अंतर्मन से अपनाने की आवश्यकता है। जिस भाषा में हमारा बचपन बीता, उसे अपनाने और प्रयोग करने में हमें गर्व होना चाहिए क्योंकि हिंदी महज़ भाषा नहीं है बल्कि माँ है जो हमको

पंजाब केसरी
Thu, 03 October 2024
https://mpaper.punjabkesari.com/c/75970269